# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्‌घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित यह महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा। इसका विषय है– विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शिल्पकारों से बातचीत भी की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया।

***************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा है कि साइबर अपराध के खिलाफ प्रतिबिंब एप काफी कारगर साबित हो रहा है। इसके जरिए झारखंड समेत देश भर में दो हजार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

***************

संताल परगना प्रक्षेत्र के नये पुलिस उप–महानिरीक्षक के रूप में अंबर लकड़ा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि साइबर और महिला अपराध रोकना उनकी प्राथमिकता होगी। श्री लकड़ा ने यह भी कहा कि पुराने मामलों के निबटारे के लिए विशेष जांच दल, एसआईटी गठित की जायेगी।

***************

केंद्र सरकार ने डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण नियम 2025 का मसौदा जारी कर दिया है। मसौदा नियमों में बच्चों के सोशल मीडिया आकउंट खोलने के लिए अभिभावकों की अनिवार्य और प्रमाणित सहमति लेने का प्रावधान किया गया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि मसौदा नियम परामर्श के लिए खुले हैं। एक रिपोर्ट–

***************

पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने निर्माण कार्य को लेकर पावर ब्लॉक लिया है। इसके चलते कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या एक तीन तीन एक नौ दुमका–रांची एक्सप्रेस कल रद्द रहेंगी। वहीं, ट्रेन संख्या एक सात शून्य शून्य छह रक्सौल–हैदराबाद एक्सप्रेस इस दिन अपने निर्धारित समय से एक घंटा 20 मिनट देर से रक्सौल से प्रस्थान करेगी।

***************

राज्य सरकार ने देवघर जिले के नंदन पहाड़ को विकसित करने की योजना बनाई है। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

***************